कमल राम मीना तहसील अध्यक्ष नियुक्त

करौली (नि.स.)। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई करौली के चुनाव संपन्न हुए। जिसमे करौली तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी कमल राम मीणा को दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने माला,साफा पहनाकर नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष का स्वागत किया। किसान संघ के मोहर सिंह मीणा ने बताया कि किसान संघ करौली तहसील इकाई के चुनाव आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित किए गए। चुनाव में तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी कमल राम मीणा को दी है। साथ ही मंत्री का दायित्व मोहन सिंह सैनी को दिया। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष कमल राम मीणा ने संगठन का कार्य पूरी निष्ठा से करने और संगठन को आगे ले जाने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि संरक्षक बाबूलाल मीणा की अध्यक्षता में प्रांतीय सदस्य गंगाराम मीणा,प्रांतीय और जिला चुनाव प्रभारी मोहर सिंह मीणा द्वारा चुनाव संपन्न कराए गए। चुनाव में तहसील अध्यक्ष सपोटरा श्रीलाल फौजी, पूर्व तहसील अध्यक्ष राजाराम मीणा, सपोटरा जिला कोषाध्यक्ष रामवीर सिंह सेंगर,रविंद्र पाल जादौन इनायती, धर्म फौजी उपाध्यक्ष,श्रृंगार सिंह सह मंत्री,तेजराम मीणा उपाध्यक्ष, रामू मीणा, फतेह सिंह मीणा, श्रीलाल, रामस्वरूप सैनी,सतीश मीना, बत्ती लाल सैनी, दिलकेश मीना, दिनेश सैनी, मोहन सैनी, कन्हैया सैनी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला बचाओ संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना सातवे दिन भी जारी

गंगापुर सिटी । जिला बचाओ संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना लगातार सातवें दिन भी अपनी मांगो को लेकर जारी है, जिसमे आमजन द्वारा गंगापुर जिले में पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद को भरने एवं जिले को स्थाई स्वरूप देने की मांग सरकार से की गई। धरने को सभी समाजो, सामाजिक संगठनों एवं सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। वक्ताओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पुलिस अधीक्षक को जिले से हटा दिया गया जिसके बाद उनके वाहन को वापिस बुला लिया जिससे आमजन में जिला खत्म होने का अंदेशा होने लगा है, पुलिस अधीक्षक के रहने से जिले से अपराध खत्म होते जा रहे थे, नशाखोरी और अवैध कार्यों पर अंकुश लगा था, लेकिन अब सरकार द्वारा गंगापुर सिटी को पीछे धकेला जा रहा है। वही सरकार ने जिला परिषद गंगापुर सिटी एसीओ पद पर कार्यरत शैलेन्द्र चौधरी का भी तबादला कर इस पद को अभी तक खाली रखा है जिससे लोगो में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। प्रवक्ता कैलाश मीणा ने बताया कि धरना स्थल पर पार्षद प्रत्याशी विजेंद्र महावर, चन्द्रकला, धनेश्वरी, सोमोती, संतरा, भोती, कपुरी, बसंती, पार्षद महेश बाबू, जगदिश बैरवा, वीरेंदर अग्रवाल, हरी पेंटर, नेमी

कलेक्ट्री के बाहर धरने पर बैठे जनप्रतिनिधी व आमजन।

डोब, जीतू शर्मा, मोहम्मद हुसैन, नवीन खान ब्लॉक अध्यक्ष, विकास जैन, गुट्टीलाल मीणा, शिवनारायण सैनी, पिंटू बडौली आदि सैकडो आमजन उपस्थित थे।

जन जागृति अभियान की टीम ने किया क्षेत्र का दौरा

जिला बचाओ संघर्ष समिति के सभी पंच पटेलों ने जन जागृति अभियान के संरक्षक हरगोविंद कटारिया के नेतृत्व में दर्जनों गाँवो का दौरा किया जिसमे रेंडायल तुर्क, रेंडायल गुर्जर, मोहचा, भालपुर, खंदीप, नवाजीपुरा, फुलवाडा, रायपुर, मैडी एवं मठ गाँवो का दौरा कर आमजन को आगामी 14 अक्टूबर को होने वले आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की। आमसभा के माध्यम से जिला गंगापुर सिटी में पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद को भरने, जिला स्तर के किसी अधिकारी को नहीं हटाने एवं जिले को स्थाई रूप देने की मांग आमजन की और से रखी जाएगी। जन जागृति अभियान संयोजक हरगोविन्द कटारिया ने बताया कि 7 अक्टूबर सोमवार को जन जाग्रति अभियान कुंसाय, मीना बडोदा, बडौली, पावटा, किशोरपुर, खरेडा, वजीरपुर, श्यारोली, शेखपुरा, सेवा, छान, जीवली, टोकसी आदि गांवो में रहेगा।

करौली के खिलाडी का रणजी ट्रॉफी में चयन

करौली (नि.स.)। जिला क्रिकेट संघ करौली की क्रिकेट टीम के कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले करौली जिले के एकमात्र क्रिकेट खिलाड़ी हरजीत सिंह का राजस्थान रणजी ट्रॉफी कैंप में सिलेक्शन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी शानदार परफॉर्मेंस जिसमें भरतपुर के खिलाफ 150 रन,उदयपुर के खिलाफ के खिलाफ 30 एवं भीलवाड़ा के खिलाफ 30 रन बनाने एवं हरजीत के इस प्रदर्शन से करौली ने भरतपुर और भीलवाड़ा को हराया और अपने दूसरे ग्रुप में प्रवेश किया। एवं करौली जिले से चार खिलाड़ियों का चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भी चयन हुआ था। राजस्थान राज्य क्रिकेट संघ द्वारा उनका चयन राजस्थान रणजी ट्रॉफी कैंप में किया है। यह करौली जिले की लिए गौरव की बात है कि पहली बार किसी खिलाड़ी का राजस्थान रणजी ट्रॉफी कैंप में सिलेक्शन हुआ है। जिले के क्रिकेट खिलाड़ी हरजीत सिंह के सिलेक्शन पर जिला क्रिकेट के अध्यक्ष अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक,सचिव शिवचरण माली,उपाध्यक्ष अनिल शर्मा,संयुक्त सचिव अरुण शर्मा, संजय पाल, रवि पाठक, अखिलेश चतुर्वेदी मैनेजर एवं प्रवीण शुक्ला और प्रियकांत बेनीवाल द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

सार-समाचार

नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

हिंडौन सिटी । युवा जाट समाज 84 के पदाधिकारी की ओर से समाज को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए गांव-गांव पहुंचकर लग जागी जा रही है जिसमें समीर के गांव पीपल खेड़ा पहुंचे युवा जाट समाज के पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया और लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई युवा जाट समाज 84 के पदाधिकारी कर्मेंद्र सिंह लकड़िया ने जानकारी दें हुए बताया समाज की युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है। जिससे समाज में अपराध बढ़ रहे हैं और युवाओं का भविष्य भी गलत में जा रहा है। समाज को नशे से मुक्ति दिलाने का प्रयास युवा जाट समाज 84 की ओर से किया जा रहा है जिसमें एक नई पहल की गई है । उन्होंने बताया कि प्रत्येक शनिवार की शाम को युवा जाट समाज के पदाधिकारी एक नए गांव में पहुंचते हैं जहां युवाओं में समाज के सभी लोगों को एकत्रित करके सार्वजनिक स्थान पर बैठकर नशे से मुक्ति के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान युवा जाट समाज के पदाधिकारी और कुछ अन्य गण मन लोग भी मौजूद रहते हैं जो लोगों को नशे से होने वाली शारीरिक मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में बात कर नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करते है। इसी अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पीपलहेड़ा में युवा जाट समाज 84 ने गांव के सैकड़ो लोगों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई और गांव पीपलखेड़ा में शामिल हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया।

भारत को जानो प्रतियोगिता संपन्न

करौली(नि.स.)। भारत विकास परिषद् शाखा करौली के तत्वावधान में रविवार को एक मैरिज गार्डन में भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। भारत को जानो प्रकल्प प्रभारी गोविन्द प्रसाद शर्मा पूर्व एडीओ ने बताया कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में शिवा एकेडमी सी. सै. विद्यालय के प्रणय शर्मा व मेदांत शर्मा विजेता तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू (हरनगर) की छात्रा खुशी बाई जाटव व नीकेश माली उप विजेता रहे। इसी प्रकार प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में लोकहितकारी सी. सै. वि. के आकाश मीना व सौरभ गुर्जर विजेता तथा बाल भारती सेकंडरी स्कूल के तुषार गुप्ता व ज्योति सिंह उप विजेता रहे। मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों को पारितोषिक व प्रमाणपत्र प्रदान किए।सचिव कमलाकांत शर्मा ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता में करौली ब्लॉक के 17 विद्यालयों के एक हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सामुहिक वंदे मातरम गान के साथ की गई। जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने भारत विकास परिषद् के परिचय के साथ भारत को जानो परीक्षा आयोजन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।प्रश्नमंच में प्रांतीय आई टी सैल प्रभारी योगेन्द्र सिंहल ने प्रतिभागियों से चार- चार चक्रों में भारत की संस्कृति, इतिहास, भूगोल, स्वतंत्रता सेनानी, महापुरुषों, वैज्ञानिकों आदि के बारे में रोचक व ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का मंच संचालन कोषाध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल ने किया जबकि स्कोरर व टाइम कीपर की भूमिका मोतीलाल शाक्यवाल, युगल किशोर चतुर्वेदी, नगेन्द्र शर्मा व विजय कुमार गुप्ता ने निभाई। अध्यक्ष तुलसी दास गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया ।शाखा सम्पर्क प्रमुख अखलेश गुप्ता प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक रहे।

हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा अपने सेवा सप्ताह की गतिविधियों में विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में सुबह 6 से निशुल्क डायबिटीज जांच व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पार्क में प्रातः कालीन भ्रमण पर आने वाले वह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक 288 महिलाओ व पुरुषों की डायबिटीज व 90 लोगों की रक्तचाप की जांच की गई। जिसमें 65 पुरुष व महिलाएं ऐसे चिन्हित किया गए जिन्हें पहली बार पता चला कि उन्हें मधुमेह या ब्लड प्रेशर है। शिविर में उपस्थित डॉक्टर राजकुमार शर्मा व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को खान-पान व स्वस्थ जीवन शैली जीने के बारे में जागरूकता प्रदान की गई। उपस्थित लोगों ने क्लब की गतिविधियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए बताया गया कि आज के मशीनी युग में व्यक्ति जहां एकाकी व तनावपूर्ण जीवन जी रहा है वहीं लायंस क्लब रॉयल्स इस प्रकार की गतिविधि कर समाज सेवा में मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। क्लब अध्यक्ष मंजू गुप्ता मोनालिसा वह सेवा सप्ताह के कार्यक्रम संयोजक ब्रजमोहन गुप्ता द्वारा बताया गया कि सेवा गतिविधियों में 8 अक्टूबर मंगलवार को देशवार हॉस्पिटल में सुबह 8 से निशुल्क नेत्र परीक्षण दवा चश्मा वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। क्लब सचिव सत्य व्रत आर्य व शिविर संयोजक दिनेश सिंघल और विष्णु दत्त ने बताया कि लायंस क्लब समय समय पर ऐसी गतिविधियां करता रहता है जिससे हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम आयोजन में अध्यक्ष मंजू गुप्ता, सेवा सप्ताह संयोजक ब्रजमोहन गुप्ता, सत्यव्रत आर्य, जयकिशन चाहर (एडवोकेट) रमेश चंद्र वर्मा, दिनेश सिंघल, डा राज्कुमार, डॉ मनीष गोयल, मनु राणा, कविता वर्मा, प्रीति सिंह, चंद्रभान गुप्ता, लोकेंद्र सिंह, अमित खंडेलवाल, विशाल मखीजा आदि लोग उपस्थित थे। रमेश चंद्र वर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन

भरतपुर (निस)। टैक्नोलॉजी पार्क स्थित हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में ताइक्वांडो की द्वितीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन निदेशक डॉ आलोक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। 14 जिलों के 190 सीनियर-जूनियर प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें सब जूनियर वर्ग में 21, 23, 29, 27, 32 व 35 वर्ष के पुरूष वर्ग में क्रमशः करौली की टुकटुक, अलवर के तरूण सैन, अलवर की कृष्णा शर्मा, लक्ष्य, रणवीर व भरतपुर के रिषभ एवं शिवा ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में भरतपुर व अलवर ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम से पूर्व दीप प्रज्वलन कर निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने ताइक्वांडो मैच को प्रारम्भ कराया एवं उपस्थित प्रतियोगियों को खेल की भावन के साथ खेलने का आहवान किया।

अध्यक्ष का किया स्वागत

हिंडौन सिटी । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हिंडौन रेलवे स्टेशन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा । जानकारी के अनुसार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम हिंडौन पहुंचे । इस दौरानभाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशी इंदु जाटव, विधायक हंसराज मीणा सपोटरा, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंघल, पार्षद दिलीप गुप्ता सहसंयोजक सदस्य अभियान जिला करौली, एडवोकेट पूर्व जिला महामंत्री जिला मंत्री पुष्पेंद्र सैनी, दिनेश चंद सैनी नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद हिंडौन सिटी, पार्षद राहुल हरसाना ,गोपाल लांगड़ा, हिंडौन मंडल अध्यक्ष अनिल गोयल,दिलीप गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री भूपेन्द्र गुर्जर गिर्राज मित्तल, उत्तम जादौन लुकमान सैफी गोपाल सिंह गुर्जर राहुल हरसाना गजेन्द्र सोलंकी धीरेंद्र बैंसला जिला महामंत्री, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लज्जरानी, गोपाल लागरा, सत्येन्द्र चौधरी, विद्या शर्मा, शाहरुख, सचिन बैंसला, विजय पाण्डे , शिवगणेश मण्डल अध्यक्ष, देहात मण्डल चरणसिंह डागुर, सुरोठ मण्डल पिंटू सोलंकी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, राम हरि गुर्जर पार्षद, विजयपाल पार्षद, नरेंद्र जाटव पार्षद, भूपेन्द्र शर्मा पार्षद, उदय धाकड़ आदि ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया इस दौरान भाजपाइयों ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को ज्ञापन सौंप करनिजामुद्दीन इंदौर इन्टरसिटी, अहमदाबाद पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस, इंदौर नई दिल्ली सुपरफास्ट, उदयपुर कोलकाता अनन्या एक्सप्रेस, द्वारका गुवाहाटी एक्सप्रेस, पारस नाथ एक्सप्रेस, स्वराज एक्सप्रेस, ओखा बनारस एक्सप्रेस, तिरस्वन्तपुरम निजामुद्दीन एक्सप्रेस, अजमेर पटना राजेंद्र नगर टर्मिनल जियारत एक्सप्रेस, वंदे भारत उदयपुर से आगरा आदि ट्रेनों के ठहराव की मांग की ।

प्रांतीय समूह गान में गंगापुर सिटी की टीमे रही द्वितिय व तृतीय स्थान पर

गंगापुर सिटी। भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ द्वारा भगवती पैलेस में भारत को जानो शाखा स्तरीय प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारत को जानो के प्रभारी मनीष जैन ने बताया प्रांतीय समूह गान प्रभारी विश्व बंधु आर्य, जिला समन्वयक सुरेंद्र मित्तल, शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन, सचिन आनंद पगोरिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश एवं वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मी नारायण गुप्ता यूटीआई ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्रश्न मंच में छह विद्यालयों की नो टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों के साथ उनके स्कूल से एक अध्यापक/ अध्यापिका के साथ आए जिसमें पांच टीम कनिष्ठ वर्ग की एवं चार टीम वरिष्ठ वर्ग की रही।

प्रश्न मंच का संचालन विश्व बंधु आर्य एवं सुरेंद्र मित्तल ने सहयोगी महिला प्रमुख रेखा जैन, साक्षी गुप्ता, सीता गुप्ता, असलेखा जैन ने किया। सर्वप्रथम वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के मध्य प्रश्न मंच करवाया गया वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान विवेकानंद अकेडमी स्कूल एवं द्वितीय स्थान पर कपूर उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम विजेता रही। वहीं प्रश्न मंच के द्वितीय चरण में प्रभारी मनीष जैन के सहयोगी दिनेश एलआईसी, लक्ष्मण कुमार गुप्ता, बद्री प्रसाद, अशोक फर्नीचर, कपिल गौतम, प्रांतीय पदाधिकारी तुलसीराम गुप्ता, मुकुल गुप्ता के साथ कनिष्ठ वर्ग का प्रश्न मंच कराया जिसमें प्रथम स्थान पर डीएस बचपन स्कूल एवं द्वितीय स्थान पर कपूर उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम विजेता रही। निर्णायक लक्ष्मी नारायण गुप्ता यूटीआई एवं नरेंद्र नरवाण रहे।

भारत को जनों की लिखित परीक्षा 6 स्कूलों में 2० सितंबर 2०24 को कराई गई जिसमें वरिष्ठ वर्ग व कनिष्ठ वर्ग की सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रश्न मंच में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

समूह गान में गंगापुर सिटी रहा द्वितिय व तृतीय स्थान पर

रविार को बाडी में प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन कन्हैया रिर्सोट में सम्पन्न हुआ जिसमें 11 शाखाओं की टीमों ने भाग लिया। प्रांतीय अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि प्रथम स्थान पर भाविप हम्मीर शाखा सवाईमाधोपुर, द्वितिय स्थान पर भाविप शाखा कुशालगढ गंगापुर सिटी एवं तृतीय स्थान पर भारत विकास परिषद राजस्थान शाखा गंगापुर सिटी रहे। कार्यक्रमें गंगापुर सिटी से प्रांतीय अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल, सचिव रामदयाल मीना, शाखा समूहगान प्रतियोगिता प्रकल्प प्रभारी अश्वनी गुलाटी, महिला प्रमुख श्रीमती निर्मला खारवाल और टीम प्रभारी विजय कुमार शर्मा संगीत शिक्षक स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल डिवस्या ने भाग लिया।

रामलीला को देखने उमडा जन सैलाब

गंगापुर सिटी । नगर परिषद के तत्वाधान में पुरानी अनाज मण्डी में चल रही रामलीला के तृतीय दिवस पर राम जन्मोत्सव, ताडका वध, विश्वामित्र व राजा दशरथ संवाद आदि का बडे ही सुन्दर ढंग से संगीतमय चित्रण किया गया। कार्यऋम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे जिन्होंने विधिवत्त पूजा अर्चना और आरती कर रामलीला कार्यऋम का शुभारंभ किया। राधा कृष्णांजली मण्डल के निदेशक कैलाश शर्मा, बृजेश शर्मा ने हनुमान चालीसा के माध्यम से रामलीला का शुभारम्भ किया। रामलीला में पुत्राष्टि यज्ञ के माध्यम से राजा दशरथ के चार पुत्रो ने जन्म लिया जिनका महर्षि वशिष्ठ ने राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुधन नाम रखा। जिनकी शिक्षा दीक्षा वशिष्ठ मुनि के द्वारा कराई गई। रामलीला में राक्षसो से परेशान होकर विश्वामित्र मुनि अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ के पास आते है और राम लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की बात कहते है। राजा दशरथ राम, लक्ष्मण की जगह अपनी सेना को ले जाने या स्वयं साथ चलने की बात कहते है लेकिन मुनि विश्वामित्र के द्वारा राम लक्ष्मण को ले जाने की हठ व राजा दशरथ के नहीं भेजने की जिद का कलाकारो ने बडे ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुती जिनका पाण्डाल में बैठे लोगो ने ताली की गडगडाहट के साथ मनोबल बढाया। इसके बाद राजा दशरथ महर्षि वशिष्ठ के समझाने पर राम व लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र के साथ भेजने पर राजी होते है। प्रभू श्रीराम ने मुनि विश्वामित्र के बताए मार्ग पर चल कर राक्षसी ताडका, मारीच सहित कई राक्षसो का संहार किया। कलाकारो के द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुती ने दर्शको का मन मोह लिया। रामलीला स्थल सियाराम के जयकारो से गुंज उठा। कई वर्षो के बाद शहर में रामलीला का मंचन होने के कारण रामलीला देखने वालो में भारी उत्साह है। नगर परिषद की ओर से भी लोगो के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। वृदांवन से आए कलाकारो के द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां लोगो के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। रामलीला प्रतिदिन शाम साढे 7 बजे से रात्री साढे 1० बजे तक आयोजित की जा रही है। रामलीला में हजारो महिला पुरूष व बच्चे मोजूद थे। गौरतलब है कि शहर में करीब ढाई दशक पहले रामलीला का आयोजन किया जाता था, लेकिन इसके बाद रामलीला का आयोजन बंद हो गया। इस वर्ष नगर परिषद की ओर से इस बार पहल कर अपनी ओर से रामलीला का आयोजन शुरू किया गया है। रामलीला कार्यऋम पुरानी अनाज मंडी परिसर में किया जा रहा है। रामलीला में मानव हित के कार्य को देखते हुए सामाजिक संगठन आगे आएं है जिसमे भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ द्वारा सभी नागरिकों को कुल्हड में चाय दी गई।नई दिशा सोसाइटी की टीम द्वारा जगह पर ही ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। इसी तरह लायन्स क्लब गंगापुर सिटी एवम मानव सेवा संस्थान द्वारा भी सामाजिक हित के कार्य किए जा रहे हैं।

दीप प्रज्वलित कर महाआरती का आयोजन

भरतपुर (निस)। अग्रवाल सेवा संस्थान रंजीत नगर भरतपुर द्वारा भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर संस्था अध्यक्ष एसपी जिंदल की अध्यक्षता में एवं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, उद्योगपति रजनी अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष शालिनी मित्तल, कोषाध्यक्ष सीमा मित्तल युवा शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल उद्योगपति नेहा अग्रवाल के मुख्य आथित्य में रंजीत नगर स्थित दुर्गा मंदिर में अतिथियों एवं मातृशक्ति द्वारा 1111 दीप प्रज्वलित कर महाआरती का आयोजन किया गया। नरेंद्र अग्रवाल एवं संस्था संरक्षक एलएन गुप्ता, शंकरलाल अग्रवाल, महामंत्री मुकेश सिंघल, राधा मोहन अग्रवाल, विकाश मित्तल, लतेश गोयल, रवि जिंदल एवं पदाधिकारियों व अतिथियों द्वारा भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक अलका गर्ग, पूजा अग्रवाल, सरोज गोयल, ललतेश बंसल द्वारा अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर विधिवत शुरुआत की गई। उसके पश्चात अतिथियों द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण में शाम 7.30 बजे 1111 दीपों द्वारा महा आरती की गई। पदाधिकारियों सदस्यों एवं मातृशक्ति द्वारा मंदिर में आए भक्त जनों को मिश्री खोवा का प्रसाद वितरण किया गया।

आयुर्वेद कम्पाउन्डर भगवान स्वरूप का किया सम्मान

भरतपुर (निस)। विप्र फाउंडेशन सहित समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री एवं कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में मानवीय योगदान देने के लिए, वरिष्ठ आयुर्वेद कंपाउंडर भगवान स्वरूप शर्मा को चांदी का मुकुट, साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से भी भगवान स्वरूप शर्मा की पत्नी एवं उनके बड़े भाई एडवोकेट शंकर दयाल शर्मा का भी सम्मान किया गया एवं उनके दीर्घायु जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर दयाचंद पचौरी ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में आपकी सेवाऐं गरीबों के लिए मददगार रही हैं। उन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वाले वरिष्ठ आयुर्वेद कंपाउंड भगवान स्वरूप शर्मा के सेवा कार्य-व्यवहार की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज तिलक नगर की ओर से अध्यक्ष नत्थीलाल दीक्षित, सरपंच हरस्वरुप शर्मा, पंडित बनवारीलाल शर्मा, आयुर्वेद विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक मुकुट शर्मा, निरंजन लाल शर्मा, विनोद भारद्वाज, बाबूलाल कटारा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, कमलराम शर्मा, रामबाबू मुद्गल, रामेश्वर मुद्गल, राजेंद्र सिंह सहित अनेक सदस्यों ने भगवान स्वरूप शर्मा का सम्मान किया। भगवान स्वरूप शर्मा ने उपस्थित शुभचिंतकों को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में इसी तरह योगदान देते रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दयाचंद पचौरी, आर.के उच्च माध्यमिक विद्यालय के निदेशक नेमीचंद पचौरी, डॉ.अशोक शर्मा, तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, वाइस विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सुधीर कटारा बने सेवर ब्लाक अध्यक्ष

भरतपुर (निस)। प्रान्तीय संरक्षक तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक पाराशर तथा पवन शर्मा अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री के पर्यवेक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी होती लाल जैमन जिलाध्यक्ष तथा याचना शर्मा द्वारा एसबीके महात्मा गांधी विद्यालय में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ब्लॉक सेवर का निर्वाचन सामूहिक सहमति तथा निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। निर्वाचित पदाधिकारी में अशोक कुमार गौतम सभाध्यक्ष, रिजवान खान उप सभाध्यक्ष, सुधीर कटारा अध्यक्ष, मनोज शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार उपाध्यक्ष प्रारम्भिक शिक्षा, रसाल सिंह उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा, भरतेश कुमार जैमन मंत्री, मैथलीशरण कोषाध्यक्ष तथा सदस्य अध्यापक धीरज गुप्ता, संरक्षक मण्डल में बृजलता मुदगल,, प्रदेश महिला संगठन मंत्री कार्यालय दीपक प्रजापत, क्षेत्रीय संगठन मंत्री हरवेन्द्र सिंह निर्वाचित हुए हैं।

पानी और रोजगार की समस्या के समाधान की मांग को लेकर किसान सभाओं का आयोजन

भुसावर भरतपुर (निस)। समाजवादी शताब्दी पुरुष के सम्मान से सम्मानित भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि जहां भरतपुर और डीग जिले में पानी और रोजगार का संकट है वहीं दूसरी ओर देश मे गरीबी, बेरोजगारी, गंदगी, भ्रष्टाचार और गैर बराबरी की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे देश का आम आदमी परेशान है। सबको मिलकर इन समस्याओं का समाधान ढूंढना चाहिए। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन रविवार को भुसावर तहसील के ग्राम बाछरैन, सलेमपुर खुर्द और कमालपुरा में मौजूद अनेक गाँवों से आये किसान और नौजवानों की सभाओं में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जहाँ आंतकवाद और पर्यावरण बड़ी चुनौतिया है वही हमारी सरकारों और वैज्ञानिकों को मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी से पैदा होने बाली समस्याओं के निदान तलाशने पर कोशिशे शुरू कर देनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हालांकि शौचालय बनने और कचड़ा प्रबंधन की बजह से गन्दगी जरूर कम हुई है तथा सरकारी योजनाओं का पैसा सीधा लाभार्थी के खाते में जाने से जरूर कुछ भ्रष्टाचार कम हुआ है। ये कदम मोदी सरकार के उचित है, लेकिन सच्चाई यह है कि लगभग सभी विभागों में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक राजनैतिक भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा तब तक प्रशासनिक और निचले

पानी और रोजगार की समस्या के समाधान की मांग को लेकर किसान सभाओं का आयोजन कियाा ।

स्तर पर बेईमानी समाप्त नहीं हो सकती क्योंकि राजनेताओं की तरह ही कम समय में दूसरे लोग भी जल्द धनवान बनना चहाते है क्योंकि भ्रष्टाचारियों में डर नहीं है। पंडित रामकिशन ने कहा कि केवल पक्के मकान बनना ही तरक्की नहीं है बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी कम होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि आर्थिक गैर बराबरी का हाल बहुत खराब है और इसके चलते देश में जितनी संपत्ति 40 प्रतिशत आबादी के पास है उतनी धन दौलत देश में केवल एक प्रतिशत अमीरों के पास पहुंच चुकी है। जिसकी वजह से गरीब और गरीब होता जा रहा है, रोजगार के अवसर घट रहे है और बेरोजगारी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशो की सहमति से एक कानून बनाकर खरबपतियों पर अधिक टैक्स लगाना चाहिये। किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने कहा कि पानी के संकट को देखते हुऐ सरकार को बाणगंगा नदी को गम्भीर नदी से जोड़ना चाहिये ताकी बाढ़ के वक्त लोगों के पानी मिल सके और जन धन का नुकसान उठाना नहीं पड़े। उन्होंने पाँचना बाँध के पानी का शीघ्र बँटवारा करने की माँग रखी इन मांगों का मौजूद लोगों ने एक जुट होकर समर्थन किया। सभाओं में किसान नेता पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (इआरसीपी) के कार्य को शीघ्र शुरू करने तथा प्रथम चरण में ही भरतपुर, डीग, अलवर, दौसा जिलों में पानी पहुंचाने की माँग की। इन सभाओं में पानी आने तक संघर्ष को जारी रखने का भी सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। सभाओं ने किसानों ने फसल का लाभकारी मू